# ओ सबकी सुनने वाले मेरी भी सुनो बाबा श्याम प्रार्थना लिरिक्स

ओ सबकी सुनने वाले,
मेरी भी सुनो बाबा,
जो आस मेरे मन की,
उसे पूरी करो बाबा,
ओ सबकी सुनने वालें,
मेरी भी सुनो बाबा।bd।

---

जो कदम उठे मेरा,
तेरी राह चले बाबा,
जो सांस चले मेरा,
तेरा नाम रटे बाबा,
बिन बोले तू देता,
ऐसा है सुना बाबा,
मैंने हाथ पसारे हैं,
मेरी लाज रखो बाबा,
ओ सबकी सुनने वालें,
मेरी भी सुनो बाबा।bd।

---

तेरे पास में सब कुछ है,
तेरा नाम भी है बाबा,
तुम सबका भला करते,
मेरा भी करो बाबा,
तेरी चौखट की ऐ श्याम,
गर धूल जो मिल जाए,
मेरे जीवन की प्यारे,
काया ही पलट जाए,
ओ सबकी सुनने वालें,
मेरी भी सुनो बाबा।bd।

---

मैंने प्रेम किया तुमसे,
प्रभु प्रीत निभाओ ना,
नहीं और कहीं जाऊं,
मुझे अपना बना लो ना,
तूने सबको तारा है,
मुझको भी तारो ना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैं तेरे भरोसे हूँ,
मेरी बांह पकड़ लो ना,
ओ सबकी सुनने वालें,
मेरी भी सुनो बाबा।**bd**।

---

करुणा का तू सागर है,
करुणा बरसाओ ना,
जन्मो से में प्यासा हूँ,
मेरी प्यास बुझाओ ना,
तेरा रूप अनोखा है,
तेरा प्रेम निराला है,
तूने दर पे बुलाकर के,
जीवन को संवारा है,
ओ सबकी सुनने वालें,
मेरी भी सुनो बाबा।**bd**।

---

जो कुछ भी दिया तूने,
तेरा लाख शुक्र बाबा,
बाकी जो तम्मन्ना है,
उसे पूरी करो बाबा,
बालक की मोहब्बत को,
इतना तो निभा देना,
जब याद तेरी आये,
खाटू धाम बुला लेना,
ओ सबकी सुनने वालें,
मेरी भी सुनो बाबा।**bd**।

---

ओ सबकी सुनने वाले,
मेरी भी सुनो बाबा,
जो आस मेरे मन की,
उसे पूरी करो बाबा,
ओ सबकी सुनने वालें,
मेरी भी सुनो बाबा।**bd**।

गायक – अनिल जी गोयल।
प्रेषक – भजन लाल वर्मा
**9871208918**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com